तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

10 वैश्विक हालात के बीच कलेक्टर ने ली गैस और पेट्रोल ...



11 बाबा मोहंदीपाट में भक्तिभाव से हुआ ज्योत...





# नगर में पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री पर लगेगा 1 प्रतिशत टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

क्षेत्र में पुराने वाहनों की खरीद-बिक्री को लेकर परिवहन विभाग की नई व्यवस्था लागू होने से अब 10 से 15 साल पुराने वाहनों के लेन-देन पर 1 प्रतिशत टैक्स वसूला जा रहा है। इस व्यवस्था का उद्देश्य न केवल राजस्व बढ़ाना है, बल्कि वाहन स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना भी है।

परिवहन विभाग द्वारा यह टैक्स वाहन की मूल शोरूम कीमत के आधार पर लिया जा रहा है। हालांकि, पुराने वाहनों की बाजार कीमत समय के साथ काफी कम हो जाती है, जिससे कई मामलों में खरीदारों को अपेक्षाकृत अधिक टैक्स का भुगतान करना पड़ रहा है। बावजूद इसके विभाग का मानना है कि इससे रिकॉर्ड संधारण और ऑनलाइन सिस्टम में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।

जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे ने बताया कि विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में यह व्यवस्था पहले से ही अपडेट की जा चुकी है और प्रदेशभर में समान रूप से लागू है। उनका कहना है कि टैक्स वसूली से शासन को राजस्व प्राप्त हो रहा है, जिसका उपयोग सड़क सुरक्षा और परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा। साथ ही नाम ट्रांसफर की प्रक्रिया भी अब अधिक सख्ती और स्पष्टता के साथ की जा रही है।

## व्यवस्था में पारदर्शिता और राजस्व में बढ़ोतरी के लिए परिवहन विभाग ने की पहल

### वाहन व्यवसायियों ने जताई चिंता

वाहन विक्रेता और खरीदारों के बीच इस व्यवस्था को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है। स्थानीय वाहन व्यवसायी अशोक यादव का कहना है कि पुराने वाहनों पर शोरूम कीमत के आधार पर टैक्स लेना व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि वाहन की वास्तविक कीमत काफी कम हो चुकी होती है। इससे ग्राहकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता कविता साहू का मानना है कि इस व्यवस्था से अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगेगी और वाहन स्वामित्व का रिकॉर्ड अधिक सटीक रहेगा। इससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में स्पष्टता बनी रहेगी।





### अतिरिक्त शुल्क से बढ़ेगा खर्च

आम नागरिकों का कहना है कि नाम ट्रांसफर की प्रक्रिया में पहले से ही विभिन्न शुल्क लगते हैं, ऐसे में 1 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स जुड़ने से कुल खर्च बढ़ जाता है। हालांकि, कई लोगों ने यह भी माना कि यदि इससे प्रक्रिया सरल और सुरक्षित होती है, तो यह कदम दीर्घकाल में लाभकारी साबित हो सकता है। परिवहन विभाग को इस व्यवस्था के चलते हर वर्ष लाखों रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। साथ ही विभाग द्वारा भविष्य में इस प्रक्रिया को और अधिक सुगम और जनहितकारी बनाने के लिए सुझावों पर भी विचार किया जा रहा है। कुल मिलाकर, यह नई व्यवस्था जहां एक ओर राजस्व और पारदर्शिता को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों की सुविधा और व्यावहारिकता को ध्यान में रखते हुए इसमें सुधार की अपेक्षा भी बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की हुई सामान्य सभा



**बालोद।** जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर की अध्यक्षता में आयोजित जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में पूर्व बैठक की पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। इसी तरह बैठक में शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, उप पंजीयक सहकारिता, जिला विपणन विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा की गई।

### अनुविभाग कार्यालय में बिना हेलमेट प्रवेश पर लगेगा जुर्माना

**बालोद।** अब यदि बिना हेलमेट के अनुविभाग कार्यालय आए तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है, क्योंकि अनुविभागीय अधिकारी बालोद नूतन कुमार कंवर द्वारा तहसील कार्यालय परिसर में प्रवेश करने वाले दो पहिया चालको के हेलमेट न पहनने पर मोटर यान अधिनियम के तहत कार्रवाई व अर्थदण्ड आरोपित किये जाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा है कि उल्लंघनकर्ता चाहे कार्यालयीन कर्मचारी हो अथवा आम नागरिक सभी के विरूद्व बिना भेदभाव के नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान परिसर के भीतर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करना भी प्रतिबंधित किया गया है।

### आम फलबहार नीलामी के लिए समिति बनी

**बालोद।** जिले के 5 शासकीय उद्यान रोपणियों में वर्ष 2025–26 के लिए आम फलबहार की नीलामी के लिए समिति गठित की गई है। गठित नीलामी समिति में सहायक संचालक उद्यान डिकलेश कुमार समिति के अध्यक्ष तथा शासकीय उद्यानिकी रोपणी झलमला के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अनिल महिलांग एवं शासकीय उद्यानिकी रोपणी अरमुरकसा के वरिष्ठ उद्यान विस्तार अधिकारी विजय निकोसे समिति के सदस्य होंगे।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बालोद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि इच्छुक विद्याथऍं 17 अप्रैल तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन भरे गए आवेदनों में 18 से 21 अप्रैल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## योजना

### हितग्राहियों के खातों में करोड़ों की राशि ट्रांसफर

# प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी, 84 प्रतिशत निर्माण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जा रहा है। इसके अंतर्गत केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन के मंशानुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में एसएनए स्पर्श प्रणाली के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के बैंक खातो में राशि हस्तांतरित करने हेतु आवास निर्माण के भौतिक प्रगत्ति के आधार पर ऑनलाइन फंड ट्रांसफर आर्डर तैयार कर प्रथम एवं द्वितीय डिजिटल हस्ताक्षर की कार्यवाही सफलता पूर्वक संपन्न की जा रही है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी की उपस्थिति में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा द्वारा आवास निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा समयबद्ध भुगतान को प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं विशेष परियोजना अंतर्गत स्वीकृत समस्त आवासों को 30 मई के पूर्व विशेष कार्ययोजना बनाकर शत–प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गया।



### मानिटरिंग जारी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में आवास निर्माण के भौतिक लक्ष्यो को प्राप्त करने हेतु निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2025–26 तक कुल स्वीकृत आवास 54 हजार 148 के विरूद्ध 45 हजार 640 आवासों 84 प्रतिशत का निर्माण पूर्ण किया गया है। इसके साथ ही जिले में कुल 2390 लाभार्थियों को योजनान्तर्गत फंड ट्रांसफर के माध्यम से कुल 1167.2 लाख की राशि संबंधितो के खातों में अंतरित हुआ है। उन्होंने कहा कि विगत 2 दिवस में 1256 लाभार्थियो के कुल 582.2 लाख रूपए की राशि का डिजिटल हस्ताक्षर कर राशि हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण की गयी है, जिससे हितग्राही निर्धारित समयावधि में अपने पक्का आवास का निर्माण पूर्ण कर सके।

## बालोद की अर्पणा वर्मा ने नेशनल गेम्स में लहराया परचम, जीते तीन पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



चंडीगढ़ में आयोजित खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स 2026 में बालोद जिले की प्रतिभागी व्याख्याता अर्पणा वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए।

बिना किसी विशेष अभ्यास के प्रतियोगिता में भाग लेकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अर्पणा वर्मा को हार्दिक बधाई प्रेषित की। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि उनकी यह उल्लेखनीय सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है, यह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी। अर्पणा वर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों को दिया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के दौरान अर्पणा वर्मा ने 3 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 5 किलोमीटर पैदल चाल में रजत पदक तथा 5 किलोमीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया।

## बिना स्वीकृति सोलर और ओपन जिम पर जनपद सीएमओ सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में सोलर संबंधी मामले में जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव ने बताया कि पिछले वर्ष 9 अप्रैल को ही सभी ग्राम पंचायतों को पत्र जारी कर बिना कार्य स्वीकृति के और बिना कार्यादेश के कार्य कराए जाने पर नोटिस जारी कर रोक लगाई गई थी। पिछले वर्ष 20 जून को ग्राम पंचायत के विहित प्राधिकारी और एसडीएम डौंडीलोहारा को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के माध्यम से सूचित किया गया और संबंधित समस्त थानों को इसकी सूचना दी गई।

- कहा न कोई भुगतान हुआ और न ही कोई राशि आहरित की गई

इसके पूर्व 18 जून को सरपंच एवं सचिव की संयुक्त बैठक आयोजित कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं मेरे द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को इस संबंध में जानकारी दी गई एवं समझाईश दी गई और इस प्रकार के कार्यों पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि सितंबर के प्रथम सप्ताह में कुछ ग्राम पंचायतों में ओपन जिम के कार्य की सूचना प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा 24 सितंबर को आदेश जारी कर सरपंच सचिवों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। पिछले वर्ष सितंबर के पश्चात कड़ी निगरानी के कारण इस प्रकार के कार्य बंद हो गए। पंकज देव ने बताया कि इस दौरान ना तो इस प्रकार के कार्य की कोई शिकायत प्राप्त हुई और ना ही किसी कार्य की राशि की मांग की गई और ना ही किसी प्रकार का भुगतान किया गया है। चूंकि इन कार्यों की ना तो प्रशासकीय स्वीकृति थी ना ही कोई शासकीय राशि व्यय की गई थी, इसलिए ना तो इन कार्यों की समीक्षा हो पाई ▶▶| शेष पेज 10 पर

## टैक्स वसूली के लिए छुट्टियों में भी खुले रहेंगे पालिका काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका ने वित्तीय वर्ष के समापन से पहले कर वसूली को तेज करने और नागरिकों को अधिकतम सुविधा देने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। अब 31 मार्च तक शासकीय अवकाश के दिनों में भी नगर पालिका के टैक्स काउंटर खुले रहेंगे, जिससे करदाता बिना किसी बाधा के अपने बकाया कर जमा कर सकेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी के निर्देश पर शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत नागरिक संपत्ति कर, समेकित कर और अन्य सभी प्रकार के टैक्स का भुगतान आसानी से कर पाएंगे।

- अंतिम तारीख से पहले जमा करें कर

पालिका प्रशासन का मानना है कि इस पहल से अंतिम समय में लगने वाली लंबी कतारों और भीड़भाड़ की समस्या से भी राहत मिलेगी। पालिका सूत्रों के अनुसार 31 मार्च के बाद बकाया कर पर 6.15 प्रतिशत सरचार्ज और 1000 का अतिरिक्त अधिभार लगाया जाएगा। ऐसे में करदाताओं के पास यह सुनहरा अवसर है कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने दायित्वों का निर्वहन कर अतिरिक्त शुल्क से बचें। नगर के जागरूक नागरिकों और व्यापारिक वर्ग ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि छुट्टियों में काउंटर खुले रहने से विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों, छोटे व्यापारियों और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले करदाताओं को काफी सुविधा मिलेगी। उनका मानना है कि यह निर्णय प्रशासन की जनहितकारी सोच को दर्शाता है। नगरपालिका के कर्मचारी गोविंद साहू,विपीन बेहरा ने बताया कि इस बार कर संग्रह को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई है, जिससे राजस्व में वृद्धि हो सके और शहर के विकास कार्यों को नई गति मिले। बेहतर सड़कों, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए कर संग्रह ▶▶| शेष पेज 10 पर




### कन्या पूजन और भोज के साथ संपन्न हुआ अनुष्ठान

# गंजपारा के दुर्गा मंदिर में महानवमी पर उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गंजपारा स्थित मां दुर्गा मंदिर में सुबह 9.30 बजे भक्तिमय माहौल में विधि–विधान से नौ कन्याओं का पंडा के द्वारा पैर धुलाया गया, जिसके उसके पश्चात मंदिर के महाराज एवं कार्यकर्ता के द्वारा नौ कन्याओं का पूजन किया गया।

उसके बाद नौ कन्या भोज प्रारंभ किया गया। सुबह से ही दुर्गा मंदिर में नौ कन्या का आना प्रारंभ हो गया था, नवरात्रि के नौवे दिन महानवमी का पावन पर्व ममतामय होने लगा। दुर्गा समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी भक्तों को प्रसादी वितरित किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में गंजपारा सहित आसपास के मोहल्लों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मंदिर परिसर मंत्रेच्चार, भजन–कीर्तन और घंटों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा–अर्चना कर अपने परिवार की सुख–समृद्धि, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पूरे आयोजन में आस्था का अनूठा संगम, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भागीदारी देखने को मिला। इस महानवमी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर के महाराज एवं कार्यकर्ता सुबह से ही लग रहे। मंदिर में नवरात्रि के दौरान इस मंदिर में विशेष पूजा अर्चना माता सेवा जगराता भजन कीर्तन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, इन 9 दिनों पूरा गंजपारा क्षेत्र धार्मिक माहौल में डूब जाता है और दूर–दूर से भक्तजन पहुंचकर माता का दर्शन करते हैं। गंजपारा दुर्गा समिति के कार्यकर्ता ओम प्रकाश शर्मा, राजू पटेल, टिकेंद्र साहू, मनोज चांडक, संतोष शर्मा, प्रफुल्ल पटेल, जितेंद्र साहू, धीरूभाई पटेल, शंभू पटेल, देवेंद्र साहू की सक्रिय भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### सफाई का जायजा लेंगे करसे

**डोंगरगढ़।** बाबासाहेब आंबेडकर वंचित शोषित समाज के प्रदेश सचिव नरेश करसे वाल्मीकि ने सभी नगर निकायों और सरकारी विभागों का दौरा करने का निर्णय लिया है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सफाई व्यवस्था का जमीनी स्तर पर निरीक्षण करना है। उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वच्छता अभियान केवल कागजों पर न रहे, बल्कि जमीन पर भी असर दिखाए। श्री नरेश करसे ने चेतावनी दी है कि निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की कोई भी समस्या सामने आती है या उनके अधिकारों का हनन पाया जाता है, तो संबंधित नियोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सफाई कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### प्रवेश की अंतिम तिथि 17 अप्रैल

**मोहला।** प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो गई हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 6 तक है। आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि सुधार की अवधि 18 से 21 अप्रैल तक निर्धारित है। जिला स्तर पर दस्तावेज परीक्षण 22 से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। प्रवेश पत्र एक से नौ मई तक डाउनलोड किए जा सकते हैं। परीक्षा 10 मई को आयोजित होगी।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन 7 बजे से

**मोहला।** बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। आदेश अनुसार एक अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन समय 6 घंटे को घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्र प्रातः 7 से 11 बजे तक संचालित होंगे। ग्रीष्मकाल समाप्त होने के पश्चात एक जुलाई से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन पूर्व निर्धारित प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक किया जाएगा।

### सड़कों को लेकर आंदोलन करेगी कांग्रेस

**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस के जनप्रतिनिधि आंदोलन करने की तैयारी में है। हाल ही में डोंगरगढ़ से ढारा तक सडक निर्माण किया गया है जिसमें बरती गई अनियमितता चर्चा का विशय बनी हुई है। निर्माण पूर्ण होने के पूर्व अधिकारियों ने 6.50 करोड का भुगतान भी कर दिया है। इस 14 किमी लंबी सड़क पहले ही अच्छी स्थिति में थी। पिछले पांच साल में मरम्मत के नाम से बड़ी रकम खर्च किया गया है। वर्ष 2023-24 में 25 से 30 लाख मरम्मत के नाम से खर्च किया गया है। हाल ही में डोंगरगढ़, नागतराई, चिचोला, मोहारा, कसारी, मुसरा, बेलगांव मार्ग की मरम्मत कराया गया है। इसी प्रकार कल्याणपुर सडक निर्माण के अधुरे रहने पर भी पुरा भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकार लाल बहादुर नगर से नारायणगढ तक निर्माणधीन सड़क गड़बडी को लेकर चर्चा में है।

### वनाग्नि रोकने का प्रयास

**डोंगरगढ़।** वन परिक्षेत्र दक्षिण बोरतलाव अंतर्गत वनाग्नि की रोकथाम हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्य में वन सुरक्षा श्रमिकों एवं अग्नि प्रहरियों के साथ वन रक्षक, परिक्षेत्र सहायक, वन परिक्षेत्र अधिकारी तथा उपवनमंडल अधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं। इसी दिशा में परिक्षेत्र स्तर पर फायर ब्लोअर एवं फायर बीटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभिन्न वन कक्षों में फायर हट का निर्माण कराया गया है, जिससे आग लगने की स्थिति में तत्काल आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो सके। परिक्षेत्र स्तर पर फायर कंट्रोल सेल का गठन किया गया है तथा त्वरित सूचना आदान-प्रदान व्हाट्सऐप समूह बनाया गया है। आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर, बैनर, चित्रकारी एवं दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है।

### विधायक ने की पूजा-अर्चना

**डोंगरगढ़।** ग्राम बखत रेंगाकठेरा में भागवत वर्मा के यहाँ ज्योति कलश स्थापना की गई है। नवरात्र के मौके पर आयोजित पूजा अर्चना में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई।

---

### आयोजन : संत श्रीराम बालक दास महाराज ने दी संस्कारों की सीख

# जामगांव आर के श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

रामनवमी पर जामगांव आर में नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधानपूर्वक सम्पन्न हुई। मंदिर निर्माता संदीप चंद्राकर यजमान रहे। प्राण प्रतिष्ठा पश्चात धर्म सभा का आयोजन हुआ जिसमें मुख्यवक्ता मंच पर



कौशल्या पाटेश्वर धाम के ख्यातनाम संत श्रीराम बालक दास महाराज, मंचासिन रहे। पावन दिवस पर स्वास्थ शिविर एवं बल्ड डोनेशन शिविर का आयोजन भी हुआ। कार सेवकों का भी सम्मान हुआ। प्रारंभ में नरसिंह चंद्राकर ने कौशल्या धाम पर प्रकाश डाले।

जिलोखन चंद्राकर, कन्हैयालाल साहू, कचरीबाई भीगंज, छन्नू साहू, कचरा बाई निर्मलकर, समलिया साहू, चेतनलाल देवांगन, टीकाराम साहू, दौवाराम, प्रकाश साहू, मनोहर साहू, नरोत्तम साहू, विश्वकर्मा






पाल, राजेंद्र साहू, बसंत साहू, दिलेश्वर साहू, नीलकंठ साहू, राजेश द्विवेदी, छतर सिंह साहू कार सेवकों का सम्मान हुआ। पाटेश्वर धाम के संत श्रीराम बालकदास महाराज ने कहा कि हर हिंदू के हृदय में राम का जन्म होना चाहिए। जीवन में पाखंड ना करे, कर्म ऐसा करे कि मन मंदिर जैसा पावन पवित्र बन जाए। हेलो हाय छोड़िए जय श्री राम बोलिए, उन्होंने कहा कि भारतीय भाषा के सुगंध से जीवन को सुगंधित करे, संतान को सुगंधित भाषा से ओतप्रोत कर संस्कारित बनाए, जानवर जैसा वृत जीवन में ना करे।

पाटेश्वर धाम में मां कौशल्या की गोद में भांचा राम का मनोरम दृश्य अलौकिक होगा

कौशल्या धाम से जुड़ने का प्रभावी प्रेरणा देते हुए महाराज श्री ने कहा कि पार्टेश्वर धाम में मां कौशल्या की गोद में बालक राम का अलौकिक दृश्य देखने का सौभाग्य सबको प्राप्त होगा। मंदिर निर्माण में योगदान देकर निर्माण कर्ता का गिलहरी सा योगदान देकर अमिट नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कराए। महाराज श्री ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर निर्माण में छत्तीसगढ़ से 47 करोड़ रु योगदान रहा। साथ ही 112 देशों से समर्पण राशि प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा कि 60 करोड़ लोगों ने राम आयेंगे का गाना गाकर रिकॉर्ड बनाया है। भक्तों ने कौशल्या धाम निर्माण के लिए खुलकर राशि सहयोग सतत क्रम में दिए। मंदिर निर्माणकर्ता संदीप चंद्राकर, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दामाद त्रिवेंदु शेखर कंवर, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष लालेश्वर साहू, सभापति कल्पना नारद साहू, जनपद सभापति प्रणव शर्मा, जनपद सभापति रवि सिन्हा, जिलोखन चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, गौकरण चंद्राकर, श्याम ऋषि चंद्राकर, तीरथ चंद्राकर सहित सैंकड़ों श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

## वैश्विक हालात के बीच कलेक्टर ने ली गैस और पेट्रोल डीलर्स की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त गैस एजेंसी डीलर्स एवं पेट्रोल पंप डीलर्स की बैठक लेकर मौजूदा वैश्विक हालातों के मद्देनजर बालोद जिले में रसोई गैस एवं डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

■ आपूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश

बैठक में उन्होंने सभी डीलर्स से मौजूदा हालात में आम नागरिकों को रसोई गैस, डीजल एवं पेट्रोल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु प्रशासन के साथ आपसी सहभागिता के साथ कार्य करते हुए समस्या के निराकरण हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने विकासखण्डवार सभी डीलर्स से उनके पास पेट्रोल, डीजल एवं गैस की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति की बारी–बारी से समीक्षा की। कलेक्टर ने मौजूदा हालात में आम जनता को रसोई गैस तथा डीजल एवं पेट्रोल की प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए समय पर समुचित स्टॉक की उलपब्धता एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने वर्तमान में आम जनता को रसोई गैस, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु केन्द्र सरकार के द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के संबंध में भी जानकारी दी। इस दौरान खाद्य विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रें के घरेलु गैस सिलेण्डर ग्राहकों का उनके द्वारा पूर्व में प्राप्त गैस सिलेण्डर से 45 दिनों के बाद तथा शहरी क्षेत्रें में 25 दिनों के बाद आगामी सिलेण्डर्स के लिए बूकिंग किए जाने की जानकारी दी। इसके लिए आम जनता के सहयोग टेलीफोन नंबर पर राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना करने की

---

## एनएच 930 के अधिकारियों की लापरवाही 24 महीने बाद भी 100 मीटर नाली अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य में अधिकारियों की उदासीनता ग्रामीणों और व्यापारियों के लिए मुसीबत बन गई है। कुसुमकसा मुख्य मार्ग पर डॉ. भूपेंद्र मिश्रा के मकान से मंजू धनकर के मकान के बीच लगभग 100 मीटर नाली का निर्माण पिछले दो वर्षों से अटका हुआ है, जबकि इसके दोनों छोरों पर नालियां बन चुकी हैं।

पीड़ित डॉ. भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि पाइपलाइन और नाली निर्माण के नाम पर उनकी दशकों पुरानी बाउंड्री वॉल दो बार तुड़वाई गई। अधिकारियों के निर्देश पर दोबारा निर्माण के बाद उसे फिर से हटाया गया, लेकिन आज तक नाली नहीं बनी। स्थिति यह है कि बरसात का पानी सीधे घरों में घुस रहा है, जिससे मकानों को क्षति पहुँच रही है और मवेशी भी घरों के अंदर घुस रहे हैं।

गौरतलब है कि सड़क निर्माण के समय हुई अनियमितताओं के विरोध में कुसुमकसा का व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बंद रहा था। उस समय एनएच के एसडीओ ने आश्वासन दिया था कि अधूरी नाली का नया प्रपोजल दिल्ली भेजा गया है। लेकिन 24 महीने बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है।

व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिल सुथार ने कहा कि विभाग के अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर नहीं हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीणों और व्यापारियों की इस गंभीर समस्या का जल्द निराकरण किया जाए, अन्यथा आक्रोश और बढ़ सकता है।

---

## पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती भाजपा प्रदेश महामंत्री ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/दल्लीराजहरा

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि केन्द्र सरकार ने आम जनता पर ईरान युद्व के बाद बढ़ रहे कच्चे तेल की कीमतों का भार आम जनता पर न पड़े इसके लिए ईंधन पर उत्पाद शुल्क में भारी कटौती की है।



पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 10 रूपये घटाकर मात्र 3 रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर शुल्क पूरी तरह समाप्त कर शून्य कर दिया गया है। इससे विश्व बाजार मे कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमत का बोझ आम जनता पर नही पड़ेगा।

उन्होंने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में भारी कटौती करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूरी केन्द्र सरकार के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आभार माना है और इस ऐतिहासिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को बधाई दी है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री जैन ने कहा कि जब युद्ध के कारण दुनिया पर कच्चे तेल की कीमतें उछाल पर है, इस प्रकार के संकट के इस दौर में भी मोदी जी ने यह निर्णायक कदम सुनिश्चित किया है कि भारत के आम उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े, पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होने से इसका लाभ देश की 140 करोड़ जनता को होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकट के दौर में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया है।

---

## बिटाल में तीन दिवसीय मानसगान आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

ग्राम बिटाल में 28 से 30 मार्च तक तीन दिवसीय भव्य स्वर मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजक महिला कमांडो समूह एवं ग्रामवासियों द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में हैं और कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है।

आयोजन समिति के अनुसार, सम्मेलन के पहले दिन 28 मार्च को दोपहर 1 बजे से नूतन मानस मंडली, डोकरो (अभनपुर) द्वारा मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं शाम 4:30 बजे से अराधना बालिका मानस मंडली, कुंदरूपारा (बालोद) अपनी मधुर भक्ति प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेगी। इस दिन मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया शामिल होंगी। अध्यक्षता डॉ. शिरोमणी माथुर करेंगी, जबकि अन्य अतिथियों में पियुष सोनी, शिव प्रसाद बारला और तुलसीराम मरकाम उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन 29 मार्च रविवार को दोपहर 1 बजे से दाई के दुलस्वा मानस परिवार, कन्हारपुरी (गरूर) द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 4:30 बजे से परमेश्वरी बालिका मानस मंडली, कोटेरा तथा राजहंस मानस परिवार, कोला अंबागढ़ चौकी अपनी भक्ति प्रस्तुतियां देंगे। इस दिन जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम मुख्य अतिथि रहेंगी। अध्यक्षता योगेन्द्र सिन्हा करेंगे तथा अन्य अतिथियों में पुरोबी वर्मा, सोमेश साहू और पूरन करपाल शामिल होंगे।

तीसरे दिन 30 मार्च को दोपहर 1 बजे से श्रद्धा सुमन मानस मंडली, पचपेड़ी रायपुर द्वारा अंतिम दिन की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इस दिन जनपद पंचायत सदस्य मुकेश कौड़ो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम करेंगे। वहीं अन्य अतिथियों में तोरन लाल साहू, हामित बाई धलेन्द्र और संजय बैस उपस्थित रहेंगे।

---

## मुड़खुसरा में मनाई गई कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



ग्रामीण साहू समाज मुड़खुसरा द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में

■ सामाजिक नियमावली और युवाओं के करियर पर दिया जोर

तहसील साहू संघ के उपाध्यक्ष शिवेन्द्र बहादुर साहू उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किसुन लाल साहू ने की।

मुख्य अतिथि शिवेन्द्र बहादुर साहू ने सामाजिक नियमावली के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला आयोजित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने आदर्श विवाह के महत्व, फिजूलखर्ची पर रोक, विधवा-विधुर विवाह नियमावली और न्याय प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की अपील की।

समाज की प्रगति के लिए युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के सामने करियर का चुनाव और रोजगार सबसे बड़ी चुनौती है। समाज को समय-समय पर कैरियर काउंसिलिंग जैसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए ताकि शिक्षित युवाओं का मार्गदर्शन हो सके। साथ ही, उन्होंने 7 अप्रैल को अहिबरन नवांगांव में आयोजित होने वाली तहसील स्तरीय कर्मा जयंती के लिए सभी को आमंत्रित किया।

किसुन लाल साहू ने समाज की एकता और महिलाओं की बढ़ती सहभागिता की सराहना की।

तहसील संयुक्त सचिव यशवंत साहू ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे वे 24 वर्षों तक संदेशवाहक रहने के बाद आज इस महत्वपूर्ण पद तक पहुँचे हैं।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण अध्यक्ष हमीत कुमार साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सचिव नरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष बहल साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु सहित सचिव नरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष बहल साहू, धर्मेन्द्र साहू, संतराम साहू आदि उपस्थित रहे।

---

## अरजपुरी में गूंजे वेदमंत्र, भागवत महापुराण का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

वनांचल के ग्राम अरजपुरी स्थित शीतला तालाब मंदिर प्रांगण में पिछले नौ दिनों से प्रवाहित हो रही संगीतमय श्रीमद् देवीभागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की अलौकिक रसधारा का आज विधि-विधान से समापन हुआ।

■ भंडारा ग्रहण करने उमड़ा जनसैलाब

इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिवस पर संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय स्वरूप में सराबोर रहा। अंतिम दिन के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गीता हवन एवं वेदमंत्रों की गूंज रही, जहाँ विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दी गईं। देवाधिदेव महादेव एवं शक्ति की प्रसन्नता हेतु दिव्य बेल पत्र वृष्टि का मनोहारी दृश्य उपस्थित हुआ, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।





यज्ञ की सविधि पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस ज्ञान यज्ञ में डोंगरगढ़ से पधारे कथा वाचक पं. बसंत प्रसाद तिवारी के श्रीमुख से भक्तों ने नौ दिनों तक कथा रसपान किया। परायणकर्ता पं. भूषण प्रसाद पांडे ने अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर स्थानीय निवासी पंकज जैन ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, माँ भगवती की कृपा से यह नौ दिवसीय आयोजन निर्विघ्न संपन्न हुआ। ग्रामवासियों के सहयोग और पंडित के ज्ञानवर्धक वचनों ने इस क्षेत्र के वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक और ऊर्जावान बना दिया है। आज भंडारे में सभी भक्तों की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

पं. बसंत प्रसाद तिवारी ने कहा, शास्त्रों का ज्ञान केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। माँ शक्ति की भक्ति हमें आत्मिक शांति और लोक-कल्याण की प्रेरणा देती है। पूर्णाहुति के साथ हमें अपने भीतर के विकारों को भी त्यागने का संकल्प लेना चाहिए। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस पावन आयोजन में सम्मिलित होकर अपने जीवन को कृतार्थ किया।

---

### सादगी और तपस्या के संस्मरण किए साझा

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में दादी जानकी और दादी गुलजार को दी गई भावांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा में ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी और दादी गुलजार की पुण्यतिथि पर श्रध्दांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों दादियों के चित्र पर केन्द्र की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी और बी.के. सरिता दीदी साथ में ब्रह्माकुमारी दीदी सहित संस्था के भाई बहनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रध्दा सुमन अर्पित किये। साथ ही सबको डॉक्यूमेंन्ट्री फिल्म दिखाई गई।

इस दौरान बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने गुलजार दादी के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि दादी गुलजार की विशेषता थी उनका गंभीर व्यक्तित्व। बचपन में जहां अन्य बच्चे स्कूल में शरारतें करते और खेल–कूद में दिलचस्पी के साथ भाग लेते थे, वहीं वे गहन चिंतन की मुद्रा में हमेशा रहतीं। छोटी उम्र से ही उन्हे दिव्य लोक की अनुभूति होने लगी थी।





दादीजी का पूरा जीवन सादगी, सरलता और सौम्यता का मिसाल रहा। बचपन से ही विशेष योग–साधना के चलते दादीजी का व्यक्तित्व इतना दिव्य हो गया था कि उनके संपर्क में आने वाले लोंगो को उनकी तपस्या और साधना की अनुभूति होती थी। 18 जनवरी 1869 को संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त होने के बाद दादी गुलजार ने परमात्म संदेशवाहक और दूत बनकर लोंगो के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और दिव्य प्रेरणा देने की भूमिका निभाई। दादी ने 2016 तक संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू में हर वर्ष आने वाले लाखों भाई–बहनों को परमात्मा का दिव्य संदेश देकर योग–तपस्या बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

जानकी दादी के बारे में बताते हुए उन्होने कहा कि दादी जी मात्र कक्षा चौथी तक पढ़ी। 46 हजार बहनों की अलौकिक मां। 103 साल की उम्र में भी 12 घंटे विश्व की सेवा में सक्रिय रहीं। ब्रह्ममुहूर्त में 4 बजे से ध्यान मग्न हो जाती थी। दुनियाभर के 140 देशों में फैले प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी का जीवन आध्यात्म का प्रेरणापुंज है। यही नहीं, विश्व की सबसे स्थिर मन की महिला का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दादीजी के नाम है। बता दें कि ब्रह्माकुमारीज विश्व की एकमात्र ऐसी संस्था है, जो नारी शक्ति द्वारा संचालित है।

---

### एलबी नगर में भागवत कथा 31 से

**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में 31 मार्च से 8 अप्रैल तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक कथा का वाचन होगा। आयोजन स्थल को आकर्षक तरीके सजाया जा रहा है। आयोजक घासीराम साहू, पूर्व विधायक खेदूराम साहू एवं गन्नूराम साहू सहित अन्य तैयारियों में जुटे हैं।

पेज 9 का शेष

### बिना स्वीकृति सोलर ...

ना ही ऑडिट की गई। शासन का स्पष्ट निर्देश है कि सोलर लाइट के कार्य सिर्फ क्रेडा विभाग के द्वारा किया जाएगा, इसलिए भी मैदानी अमले या अन्य के संज्ञान में नहीं आ पाया कि कार्य किसके द्वारा कराया जा रहा है।

### टैक्स वसूली के लिए ...

बेहद महत्वपूर्ण है। नगरपालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम दिनों की भीड़ और अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए समय रहते कर जमा करें और शहर के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### आवासीय विद्यालयों में ...

तक त्रुटि सुधार भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। उक्त संबंध में अधिक जानकारी सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ–साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएमए, एनडीए, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

**खबर संक्षेप**





## पेट्रोल शुल्क में कटौती पर भाजपा ने जताया आभार

**बालोद।** भाजपा जिला अध्यक्ष चेंमन देशमुख एवं जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई व्यापक कटौती के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इसे आम जनता के लिए राहत बताया है। चेंमन देशमुख ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय देश के 140 करोड़ नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने वाला एक दूरदशर्एं एवं जनकल्याणकारी कदम है। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये की कटौती कर इसे मात्र 3 रुपये प्रति लीटर करना तथा डीजल को पूर्णतः उत्पाद शुल्क से मुक्त करना आमजन के हित में लिया गया अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि देशवासियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। यह निर्णय न केवल आर्थिक राहत देगा, बल्कि देश की विकास गति को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## दो महिलाओं से ठगी अपराध दर्ज

**भिलाई/धमधा।** विकलांगता और आवास योजना की राशि दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। एक अज्ञात महिला दो महिलाओं को दुर्ग न्यायालय ले जाकर उनसे नकदी और जेवर लेकर फरार हो गई। शिकायत पर धमधा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिरझापुर निवासी सागर साहू ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च को एक अज्ञात महिला उनके घर पहुंची। उसने खुद को गोदावरी बताते हुए कहा कि उनके पिता शत्रुघ्न साहू के नाम से 5 लाख रुपए की विकलांगता राशि और गांव की जमुना बाई के लिए 48 हजार रुपए की आवास योजना की राशि स्वीकृत हुई है। महिला ने रकम दिलाने के बहाने सागर साहू की मां चंद्रकला बाई और जमुना बाई को अपने साथ दुर्ग ले गई। दोनों को बस से दुर्ग बस स्टैंड पहुंचाकर ऑटो से न्यायालय परिसर ले जाया गया, जहां मंदिर के पास बैठाकर महिला ने अधिकारियों को देने के नाम पर चंद्रकला बाई से 2500 रुपए और जमुना बाई से 2000 रुपए ले लिए।

**पर्व**

### कुंवारे लड़कों ने सिर पर धारण की ज्योत, नौ कन्या भोज भी हुआ

# बाबा मोहंदीपाट में भक्तिभाव से हुआ ज्योत जंवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/निकुम

चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी व नवमी एक साथ होने के कारण सुबह से देवी मंदिरों में हवन–पूजन का दौर चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त बाबा मोहदीपाठ में शुक्रवार को नवमीं पर्व पर ज्योत जंवारा विसर्जन देखने पहुंचे।

गौरतलब हो कि पुरानी परंपरा के अनुसार बाबा मोहंदी पाठ में जय अर्चना न्याय सिद्ध ट्रस्ट के अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने बताया कि बाबा मोहंदी पाठ मंदिर में सिर्फ कुंवारे लड़के ही ज्योत जंवारा को सिर पर धारण कर निकलते, वहीं गांव से जोत ज्वारा व शीतला माता से मोहंदी पाठ मंदिर में पहुंच कर फिर एक साथ विसर्जन करने माता सेवा के सेवक



भजन सरवर नहाये बर चले हो महामाई गीत पर ढोल, ताशक, मंजीरा की देवी जस सेवा, पचरा गीत की भक्ति धुन पर तालाब विसर्जन करने बड़ी संख्या में पहुंचे, जहां विसर्जन किया गया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में आस पास के गांवों के श्रद्धालु जुटे रहे। नौ दिनों तक माता की आराधना के बाद जब ज्योत जंवारा विसर्जन का समय आया तो माता के भक्तों की आंखों से आंसू निकल पड़े।

माता की इस अदभुत विसर्जन यात्र को देखने हजारों की संख्या में लोग आते है। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रेमा चंद देवांगन भाव सिंह देवांगन पवन देवांगन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी रही। वहीं मंदिर ट्रस्ट मंदिर में नौ कन्या भोज भी हुआ। कन्याओं के चरण धोकर उनके पैरों में माहुर लगाया गया। आरती उतारकर लाल चुनरी, लाल बिंदी, चूड़ी, फीता, दर्पण, काजल एवं धन अर्पण कर प्रणाम किया गया।

# चंदखुरी के आंबा केंद्र में हुआ कन्या भोज



**अंडा।** चैत्र नवरात्रि पर ग्राम चंदखुरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 से 6 तक के बच्चों के लिए विशेष कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य गोपाल यादव के माध्यम से बच्चों को खीर, पूरी, चावल, दाल, सब्जी, फल का वितरण कर स्नेहा पूर्वक भोजन कराया गया और नव कन्याओं को श्रृंगार दिया गया सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक देखने को मिला और सभी ने प्रसाद स्वरूप भोजन का आनंद लिया। इस दौरान जनपद सदस्य गोपाल यादव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका गजेश्वरी साहू, रेखा देवांगन, चंपा देशमुख, लता देशमुख, सुनीता चंद्राकर, हिमानी देवांगन, सहायिका पूर्णिमा देशमुख, हेमलता साहू, कमला यादव, पुष्पा चंद्राकर, ईश्वरी बारले, गीतांजलि बघेल सभी उपस्थित थे।

### शहर में रामनवमीं पर बही श्रद्धा और भक्ति की बयार

# जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हुआ नगर, भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब





**बालोद।** राम नवमी पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे नगर सहित विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में राम भक्त पहुंचकर रैली में सम्मिलित हुए।

पूरा नगर राम मय हो गया था। भगवान श्री राम के प्रकाट्य उत्सव पर नगर में रामनवमी के अवसर बजरंग दल व नगरवासियो के द्वारा रामनवमी को विशेष बनाने के लिए गाजे बाजे के साथ रामभक्ती के धुन पर नगर के पुराना बस स्टैण्ड से निकली जो घंड़ी चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए शहर के विभिन्न चौक



चौराहो से होकर गुजरते हुए नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान हाथों में भगवाध्वज लिए नगरवासी जय श्री राम के नारे लगाते हुए नाचते गाते आगे बढ़ते दिखे। जहां शोभायात्र के दौरान विशाल झांकिया भी निकाली गई थी, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण के साथ हनुमान जी की प्रतिमा देखने को मिली। मार्ग मे नगर वासियों ने भगवान श्रीराम माता सीता, लक्ष्मण के साथ हनुमान की पूजा अर्चना की। इस दौरान शहर राम के नाम से गूंज उठा तथा शोभायात्रा देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तथा झाकियो में लगे लाईटिंग विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न संस्थाओं, समितियों, समाज द्वारा स्वागत किया गया व पानी, सरबत, भंडारा की व्यवस्था की गई थी। जहां शाम को प्रारंभ हुई झांकि देर रात तक शहर के विभिन्न चौकों से होकर गुजरती रही। इस दौरान शहर के साथ आस पास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में युवा झांकिया देखने पहुंचे तथा भक्तीधुन में नाचते गाते दिखे।

# नवरात्रि पर स्कूल में नव कन्या सह भोज



**डौण्डीलोहारा।** नवरात्रि पर केशर अलेन्द्र ने अपनी पुत्री नम्रता अलेन्द्र के व्रत रखने के उपलक्ष्य में प्राथमिक व माध्यमिक शाला शाला सहगांव में नव कन्या भोज सह न्योता भोज कराया। न्योता भोज में हलुआ पूरी, चावल दाल, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर केएल चुरेन्द्र, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, गिरीश कुमार निर्मोही, साधना देशमुख, लोकेश्वर नायक, दुलौरीन सहारा, सुरेखा यामले, लीला यादव, यमुना प्रसाद कोसार्य, गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, भागवत ठाकुर व नषीद टेमार्य उपस्थित थे। शाला परिवार व समिति के पदाधिकारियों ने माता रानी से नम्रता अलेन्द्र व पूरे परिवार की उत्तम स्वास्थ्य व सुखी जीवन की कामना की।

# रामनवमी पर ग्रामीणों ने निकाली शोभायात्रा



**गुरूर।** रामनवमी पर ग्राम भोथली में हिन्दू युवा मंच भोथली द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ग्राम की गलियों का भ्रमण कर मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां भगवान राम, सीता व लक्ष्मण के साथ हनुमान जी की आरती दतारी गई। रामनवमी को विशेष बनाने के लिए समिति के द्वारा संध्या भगवान राम, सीता व लक्ष्मण के साथ हनुमान की प्रतिमा को लेकर गाजे बाजे व भक्ती गीतों के धुन में ग्राम भ्रमण पर निकले जहां शोभायात्रा में बड़ी संख्या में राम भक्त भगवा झंडा लेकर नाचते गाते दिखे। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों ने भगवान राम की आरती उतारी व मंगल गीत गाए।

# छात्राओं को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

- डिजिटल खतरों से बचने टटेंगा स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

महिला एवं बाल विकास विभाग, नाहंदा सेक्टर के द्वारा विद्यालयीन छात्राओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने तथा तकनीक के साथ काम करने के तरीके और इसके विभिन्न उपकरणों और साधनों का उपयोग करने के बारे में जागरूक करने के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर के देवांगन ने कहा कि तकनीकी विकास ने आधुनिक जीवन शैली को बदल दिया है।

पर जैसे-जैसे हम आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हैं वैसे ही नए-नए खतरों से सामना होता है। हमें इन डिजिटल खतरों से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करते हुए, कभी भी पिन नंबर तथा ओटीपी किसी को नहीं बताने की






बात कही। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि हमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत फोटो और वीडियो को शेयर करने से बचना चाहिए तथा फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम के सुरक्षित उपयोग के साथ साथ ऑनलाइन लेनदेन पर रखी जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर सुपरवाइजर उषा साहू ने विभिन्न वीडियो तथा ऑडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाते हुए केबीसी फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, स्पूफिग फ्रॉड, फर्जी लिंक, अश्लील वीडियो कॉल, बल्क मैसेज, ओएलएक्स, क्यूआर कोड, जेंडर समानता, ऑनलाइन शॉपिंग के द्वारा होने वाले धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से बताते हुए बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि हमें किसी भी प्रकार अनजान लिंक जैसे एपीके को टच न करने तथा सीबीआई, सीआईडी, कस्टम या पुलिस अधिकारी बन कर डिजिटल अरेस्ट की बात कहता है तो उसके झांसे में न आते हुए अविलंब पुलिस को सूचना देने की आवश्यकता पर बल देते हुए किसी भी प्रकार के धोखधड़ी की स्थिति में 1930 पर सूचना देने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दूरपति देवांगन, मंजुला वासनिक, लीना निषाद, हेमलता देवांगन, डीलेश्वरी देवांगन, ओमीन साहू, गीता साहू, सहायिका लीला सुधाकर, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव के साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।






## खबर संक्षेप

### नवरात्रि पर विद्यार्थियों को कराया गया बाल भोज

**डौंडीलोहारा।** नवरात्रि पर प्राथमिक शाला रानाखुज्जी में विद्यार्थियों के लिए विशेष बाल भोज का आयोजन किया गया। यह सराहनीय पहल व्याख्याता सेजेस रानाखुज्जी सपना ठाकुर के द्वारा की गई, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया तथा उन्हें पर्व के महत्व के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर व्याख्याता सपना ठाकुर के साथ नीलिमा लकरा, संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया, प्रधान पाठक बलराम सोनकर, शिक्षिका नीता मानिकपुरी, रंजीत देवांगन सहित शाला विकास समिति के अध्यक्ष गीता साहू, कौशल्या साहू और पार्वती चुरेंद्र उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे बच्चों के प्रति सामाजिक और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## विसर्जन

**नौ दिनों की सेवा के बाद सेवा गीतों की धुन पर झुमे भक्त**

# भक्तिमय माहौल में माता को दी गई विदाई, जोत-जंवारा किया विसर्जित









**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

शुक्रवार को जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में विसर्जन शोभायात्र निकाली गई। जिसमें डांग, डोरी, गाजे, बाजे के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया।

नौ दिनो तक भक्तीमय माहौल में माता के नौ रूपो की सेवा करने के बाद शुक्रवार को सुबह से ही शहर के साथ ग्रामीण अंचलो में देवी मंदिरो के साथ कई घरो में विराजे ज्योत जंवारा का विर्सजन, शोभायात्र निकालकर किया गया। जहां सुबह से ही स्थानीय बैगा, देवी मंदिर व स्थापित ज्योत जंवारा के पास डांग डोरी व गाजे बाजे के साथ पहुंचते दिखे तथा विधि विधान से पूजा अर्चना कर ज्योत जवारा को विधिवत शोभायात्र के लिए निकाला गया। ज्योत जवारा के सामने स्थानीय बैगा आगुवाई करते दिखे तथा डांग डोरी ज्योत जवांरा के आगे पीछे सुरक्षा के साथ चलते दिखे।

जहां कई माता भक्त विसर्जन शोभायात्र के दौरान मां को प्रसन्न करने के लिए रास्ते में पानी डालते भी दिखे। मार्ग मे ग्रामणों ने माता की पूजन कर आर्शिवाद लिया। इस दौरान स्थानीय सेवा गीत समूह द्वारा माता के सेवा गीत गाते ज्योत जवांरा के विसर्जन के लिए जाते दिखे। जहां शहर के साथ ग्रामीण अंचलो में बड़ी संख्या में लोग ज्योत जवांरा के विसर्जन यात्र में सम्मिलित होकर शोभायात्र के पीछे पीछे चलकर शोभायात्र में सम्मिलित होते दिखे। इस दौरान कई लोग सेवागीत के धून में झुपते भी दिखे। जिन्हे स्थानीय बैगाओ के द्वारा हूम धूप के माध्यम से शांत कराया गया।

# नवरात्रि में मिला बेटियों को न्याय, पैतृक संपत्ति विवाद में कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़**

नवरात्रि पर, जहां पूरा देश नारी शक्ति की उपासना कर रहा है, बालोद जिले के ग्राम पाररास से महिला सशक्तिकरण की एक बड़ी मिसाल सामने आई है। सिविल न्यायाधीश वर्ग-1 श्री संजय सोनी ने एक महत्वपूर्ण पैतृक संपत्ति विवाद में वादी बहनों तिजिया बाई एवं कमला बाई के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उन्हें उनके अधिकारों का हकदार माना है।

प्रकरण के अनुसार, ग्राम पाररास स्थित पैतृक भूमि को सौतेले भाइयों ने बहनों की जानकारी के बिना ही आपस में बांटकर अपने नाम नामांतरण करा लिया था। यह कृत्य न केवल कानूनी रूप से गलत था, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों के भी विपरीत था।

इस मामले का एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब पाररास की एक सामाजिक बैठक में प्रतिवादीगण ने स्वयं स्वीकार किया था कि वे बहनों को उनका हिस्सा देंगे। न्यायालय ने इस सामाजिक स्वीकारोक्ति को गंभीरता से लिया और इसे न्याय की मजबूत नींव माना। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी मणिशंकर ने वाद प्रस्तुत होने के बाद ही बहनों को 20-20 लाख चेक के माध्यम से भुगतान किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। प्रतिवादी छोटेलाल साहू को न्यायालय ने निर्देशित किया है कि वह अपने हिस्से की भूमि में से दोनों बहनों को 50-50 डिसमिल भूमि प्रदान करें।

वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता भेष कुमार साहू ने सशक्त और तार्किक पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष बहनों के अधिकारों को प्रभावी ढंग से रखा। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पैतृक संपत्ति में पुत्रियों का भी पुत्रों के समान अधिकार है और उन्हें इससे वंचित नहीं किया जा सकता।

नवरात्रि पर आया यह निर्णय समाज में एक गहरा संदेश देता है कि नारी के अधिकारों का सम्मान ही उसकी सच्ची पूजा है। यह फैसला न केवल कानूनी जीत है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और नारी सम्मान की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### विधायक ने नौ कन्याओं को कराया भोज

**गुरूर।** संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर पवित्र अनुष्ठान कन्या भोज की परम्परा को अपने निज निवास में पूरी श्रद्धा, उत्साह के साथ नौ कन्या भोज करा करा उनसे आशीर्वाद लिया। यह पवित्र अनुष्ठान में कन्याओं को देवी स्वरूपा मनाकर पूजा की जाती है, कन्याओं को विधायक ने भोग लगाया एवं उपहार देकर विदा किया है।




# महाकाली मंदिर में छत्तीसगढ़ी गरबा गीत का विमोचन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा**



स्थानीय मां महाकाली मंदिर में छत्तीसगढ़ी गरबा गीत का विमोचन मंदिर समिति के कर कमलों से किया गया। मां महाकाली मंदिर डौडी लोहारा में गीतकार हर्षा देवांगन द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी गरबा गीत का विमोचन जितेंद्र देशमुख एवं हस्तीमल सांखला व महाकाली मंदिर समिति डौडी लोहारा के कर कमलों से हुआ। गीतकार हर्षा देवांगन ने कहा आज के आधुनिक दौर में नवरात्रि पर्व में छत्तीसगढ़ में भी गरबा करने का चलन हो गया है।

गरबा जो कि गुजरात की पारंपरिक नृत्य है जिसको छत्तीसगढ़ी शब्दों में पिरोकर छत्तीसगढ़ी गरबा गीत मां कालिका लोहारा के मां कालिका गीत लोगों के बीच 25 मार्च को महाकाली मंदिर में विमोचित किया गया। यह छत्तीसगढ़ी गरबा गीत विमोचन समारोह के आयोजक हर्षा राजेंद्र देवांगन, सफल देवांगन व राशि देवांगन डौडी लोहारा थे। हस्तीमल सांखला ने कहा हर्षा देवांगन ने चाहे साहित्य का क्षेत्र हो चाहे धार्मिक,सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र हो हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है आज छत्तीसगढ़ी गरबा गीत विमोचन कर समाज में छत्तीसगढ़ भाषा की प्रमुखता बताते हुए समाज में छत्तीसगढ़ी भाषा को विशेष दर्जा देने का प्रयास किया है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। राजेंद्र कुमार दुबे एवं लोकेश दुबे मां काली मंदिर के पुजारी ने कहा छत्तीसगढ़ी गरबा गीत में मां महाकाली मां के श्रृंगार का वर्णन है यह गीत लोगों के हृदय में विराजित हो जाएगी। राजेंद्र कुमार देवांगन ने कहा हर्षा देवांगन की लेखनी ओज, संघर्ष और ममता का संगम समाज को हमेशा नहीं दिशा प्रदान करता है। बेनीराम देवांगन जिला देवांगन समाज के पदाधिकारी एवं देवव्रत देवांगन सचिव नगर देवांगन समाज डौडी लोहारा ने कहा कि हर्षा देवांगन जिला देवांगन समाज बालोद की जिला प्रवक्ता हैं आप नीत नए क्षेत्र में अपने आप को स्थापित कर रही है। इस अवसर पर विष्णु राम तारम,लखन यादव, बलदाऊ सेन, अर्जुन कोसमा,राजा रजक, शिवार्थ देशमुख,सुमन कँवर,शिवम दुबे,सत्यम दुबे,संजय नायक, बीरबल,सरजू सिन्हा ,अर्जुन कोसमा ,रोहित, गरबा ग्रुप डौडी लोहारा से ममता गौर,आरती संचेती, स्वाति राजपूत,रेणु किरण निषाद आदि उपस्थित थे।







